भारतीय रेड क्रास सोसायटी
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज इकाई, गोण्डा
संचारी रोगों पर वार्ता
18 अक्टूबर, 2022

उत्तर प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो कि जापानी इंसेफेलाइटिस, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, फाइलरिया, चिकनगुनिया, डायरिया व मलेरिया आदि रोगों से बचाव के लिए चलाया जा रहा है के संदर्भ में जागरूकता फैलाने के लिए जनपदीय रेड क्रास सोसायटी के सहयोग से कॉलेज में एक वार्ता आयोजित की गई।

इस अवसर पर डॉ0 ए0पी0 सिंह मौली– सचिव, जनपदीय रेड क्रास इकाई व ए0सी0एम0ओ0 गोण्डा, डॉ0 ज्योत्सना शुक्ला– गाइनोकोलोजिस्ट, हाकिम अली, वर्षा सिंह– उपाध्यक्ष श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार– प्राचार्य, श्री श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज आदि उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता डॉ0 ए0पी0 सिंह मौली ने बताया कि राज्य में इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतों पर 95 प्रतिशत तक नियंत्रण हो गया है और शेष 5 प्रतिशत को नियंत्रित कर इस बीमारी को पूरी तरह से समाप्त किया कर दिया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और यदि कोई बीमार पाया जाता है तो वे इलाज की व्यवस्था करेंगे और एक मेडिकल किट उपलब्ध करायेंगे।

संचारी रोगों से बचने के लिए उन्होंने सलाह दी कि सभी लोग दिन में फुल आस्तीन के कपड़े पहने और अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। घरों की छतों के ऊपर टूटे–फूटे बर्तन, टायर, कबाड़ आदि चेक करते रहें, कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलन और फ्रिज का पानी बदलते रहें। बड़े बुजुर्गों व बच्चों को मच्छरदानी के अंदर लिटाएं और बुखार आने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल पर जांच व इलाज करायें।

डॉ0 ज्योत्सना शुक्ला ने महिला स्वयंसेवकों को माँ बनने में होने वाली सावधानियों से अवगत कराया।

उपाध्यक्ष प्रबन्ध समिति वर्षा सिंह जी ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे पढ़ने के साथ–साथ कॉलेज में होने वाली पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भागीदारी करें ताकि उनका समावेशी विकास हो सके।

इस क्रम में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।